# भारतीय सिंधू सभा ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत वंदन अभिनंदन

पीपुल्स प्रवक्ता सतना।



सतना हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वाधान में श्री रामनवमी शोभा यात्रा के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा सतना शाखा संस्थाध्यक्ष श्री अशोक चांदवानी के नेतृत्व में श्री महावीर भवन के पास कमल सलेक्शन के सामने पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत- वंदन- अभिनंदन किया गया।

इंद्रधनुषी रंगों से सजी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की जीवंत झांकी का संस्था पदाधिकारियों द्वारा पुष्प वर्षा करके माल्यार्पण करते हुए प्रभु श्री राम की भव्य एवं दिव्य आरती ली गई। तत्पश्चात श्री रामनवमी शोभा यात्रा में सम्मिलित अनेकता में एकता की प्रतीक विभिन्न प्रेरक झाकियों का पुष्प वर्षा से हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए हृदय भावविभोर होकर प्रफुल्लित हो रहा था। हमारे ईष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी की झांकी जैसे ही वीनस लाज के पास पहुंची समस्त सिंधी समाज सिंधी नृत्य से झूमने गाने लगे जय श्रीराम जय श्री झूलेलाल के जयकारे लगने लगे! ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो हमारी धार्मिक सतना नगरी अयोध्यामय हो चुकी है।भारतीय सिंधु सभा सतना शाखा की ओर से समस्त जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी पुष्प वर्षा करते हुए हार्दिक स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में श्री सतीश सुखेजा विक्रम चौधरी गोपी गेलानी गोपीचंद कापड़ी फेरूमल तोलवानी विजय जग्यासी मनोहर आरतानी विनोद गेलानी देवेंद्र सत्यवानी इंद्रलाल कापड़ी जेठानन्द वाधवानी मनोहर लाल वाधवानी पहलाजराय भावनानी भरत कामदार नारायण दास गुलाबी गंगाराम सचदेव केशव मखीजा संजय आहूजा गुरमुख पंजवानी महेश रावलानी मनोज नोतानी करतार कामरानी मनीष सदानी संजय वाधवानी दिलीप सोनी शंकर सेनानी पहलाज राय चेतवानी सुशील आहूजा इत्यादि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## ट्रस्ट बोर्ड ने सर्वसम्मति से बनाया डॉ इलेश जैन को निदेशक

# श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नए निदेशक बनाए गए: डॉ इलेश जैन

पीपुल्स प्रवक्ता सतना।

परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज की असीम कृपा और पूज्य गोलोकवासी अरविंद भाई मफ़त लाल एवं पद्मश्री स्व. डॉ बीके जैन साहब के आशीर्वाद से आज श्री सदगुरु सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई एवं उनकी धर्म पत्नी रूपल बेन, एवं समस्त ट्रस्टीगणों की गरिमामई उपस्थिति मे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज द्वारा श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ परम पूज्य श्री राजेन्द्र दास जी महाराज ने ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के सी ई ओ डॉ. ईलेश जैन को अपना दिव्य आशीष प्रदान कर निदेशक कार्यालय में पदभार ग्रहण करवाया एवं परम पूज्य गुरुदेव भगवान द्वारा प्रतिपादित सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने का शुभ आशीर्वाद दिया। निदेशक बने डॉ इलेश जैन ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव और ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष स्व अरविंद भाई मफ़त लाल ने जो सेवा का बीज बोया था।

उसको पद्मश्री स्व. डॉ जैन साहब और हमारे अध्यक्ष विशद भाई ,रूपल बेन एवं समस्त ट्रस्टीगण,सभी सदगुरू परिवार के गुरु भाई बहन एवं सदगुरू परिवार की सारी टीम ने आज इस ट्रस्ट को अपनी सेवा, मेहनत और ईमानदारी के जल से सींचकर एक विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़ा कर दिया इस वट को संभालना और अपनी सेवा से इसे और विशाल रूप देना हम सबकी जिम्मेदारी है पूज्य गुरुदेव, स्व अरविंद भाई मफ़त लाल और पद्मश्री स्व डॉ जैन साहब ने जो सोचा था और जो सपना देखा था उस सोच और सपने को वास्तविक रूप देना भी हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी में हम सबको कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलना है तभी हम उनके सपनो को पूरा कर सकते है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफ़त लाल, उनकी धर्म पत्नी एवं ट्रस्ट की ट्रस्टी रूपल बेन, पद्मश्री स्व. डॉ बी के जैन की धर्म पत्नी एवं सदगुरू महिला समिति की अध्यक्षा उषा जैन, ट्रस्टी मनोज पंड्या , निदेशक बने डॉ इलेश जैन की धर्म पत्नी मौसम जैन, आर बी सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला सहित नेत्र चिकित्सालय के सभी अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## बकायेदारों के विरुद्ध नगर निगम की सख्ती जारी

# जलकर की लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने पर चार नल कनेक्शन किए गए विच्छेदित



पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।

नगर निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष बचे दिनों को दृष्टिगत रख बकाया करों की वसूली हेतु सख्त रुख अपनाते हुए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शासन द्वारा प्रदान की जा रही छूट का लाभ न लेकर लंबे समय से बकाया जलकर की राशि जमा नहीं करने वाले दो वार्डों के चार उपभोक्ताओं के विरुद्ध नल कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्यवाही की गई।

**इन उपभोक्ताओं पर हुई कार्यवाही:**जल प्रदाय शाख के उपयंत्री श्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के तीन उपभोक्ता क्रमश:1002304654 पर जून 2018 से फरवरी 2026 तक 36 हजार 983 रुपये, 1082313358 पर जनवरी 2017 से 53 हजार 14 रुपये, 1002314274 पर अप्रैल 2018 से 39 हजार 824 रुपये बकाया थी। इसी प्रकार रघुनाथ गंज वार्ड के एक उपभोक्ता क्रमांक 1002315339 पर अप्रैल 2014 से 72 हजार 193 रुपये की राशि बकाया थी। उपरोक्त उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने हेतु पूर्व में कई बार सूचित किया गया।

विगत लोक अदालत एवं वर्तमान में 31 मार्च तक अदालत की तर्ज पर प्रदान की जा रही लोक छूट की जानकारी दिए जाने के बावजूद संबंधितों द्वारा बकाया जलकर की राशि जमा करने हेतु किसी भी प्रकार की रुचि नहीं दिखाने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि समय पर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे शासन द्वारा 31 मार्च तक प्रदान की जा रही छूट के सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर निगम के बकाया करों राशि जमा कर अनावश्यक कार्रवाई सहित 1 अप्रैल से लगने वाले अधिभार से बचें।



# शासकीय अवकाश में भी शिविर एवं डोर-टू-डोर अभियान से करदाताओं को किया लाभान्वित

## वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व छूट का अंतिम अवसर, केवल दो दिन शेष

पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा बकाया करों पर दी जा रही विशेष छूट का लाभ दिलाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार, नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर 31 मार्च 2026 तक प्रदान की जा रही छूट के अंतर्गत शेष करदाताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रविवार, शासकीय अवकाश के दिन भी विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

नगर के पांच प्रमुख स्थलों नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय माधव नगर, दुर्गा चौक खिरहनी उप कार्यालय, सुभाष चौक एवं बस स्टैंड पुलिस चौकी के समीप आयोजित शिविरों में करदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बकाया करों का भुगतान कर छूट का लाभ प्राप्त किया। राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविरों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही तथा उन्होंने सुविधा का व्यापक रूप से लाभ उठाया। **डोर-टू-डोर दी दोहरे लाभ की जानकारी:** इसके साथ ही, निगम के राजस्व वसूली अमले द्वारा घर-घर संपर्क कर ऐसे करदाताओं को जागरूक किया गया, जो अब तक करों का भुगतान



नहीं कर पाए हैं। उन्हें 31 मार्च तक उपलब्ध छूट तथा 1 अप्रैल 2026 से बकाया राशि पर लागू होने वाली पेनाल्टी के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान अनेक करदाताओं ने स्वेच्छा से बकाया राशि जमा कर नगर विकास में सहभागिता निभाई।अभियान के अंतर्गत बड़े बकायेदारों से भी सतत संपर्क कर बकाया राशि जमा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। **निगमायुक्त की अपील:** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहर के समस्त शेष करदाताओं से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 तक बकाया करों पर अधिभार में दी जा रही विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं तथा आगामी माह से लागू होने वाले अधिभार से बचें।

# विजयराघवगढ़, बरही, कैमोर के नवनियुक्त एल्डरमैनो को विधायक संजय पाठक ने दी बधाई

पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।

**नगर परिषद में 4-4 सदस्य मनोनीत एल्डरमैनो से जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जताई उम्मीद**

मप्र शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आज कटनी जिले के विजयराघवगढ़,बरही, कैमोर के एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की घोषणा की गई है जिसमें तीनों नगर परिषदों में चार चार एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने सभी एल्डर मैंनो को मिले नए दायित्वों को लेकर बधाई शुभकामनाएं प्रदान की है उन्होंने अपने संदेश में है कि एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) के रूप में आपको मिला दायित्व एक अत्यंत जिम्मेदारी भरा पद है, जो सीधे तौर पर नगर के सुव्यवस्थित विकास और जन-भागीदारी से जुड़ा है। आप सभी से यह अपेक्षा है कि अपने-अपने नगरों में सुशासन, विकास कार्यों और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आपकी जानकारी ,अनुभव से नगर निकायों को नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे शहरों के विकास की गति तेज होगी।

मैं नगर परिषद कैमोर के लिए नियुक्त एल्डरमैन श्रीमति शोभा सोनी,श्री अरुण गुप्ता, श्रीमति सुनीता मुंगेरिया , श्रीमति किरण बर्मन बरही में नियुक्त एल्डरमैनश्रीमति किरण पटेल,श्री रजनीश नामदेव,श्री रघुनाथ गुप्ता, श्री मनोज रावत विजयराघवगढ़ में नियुक्त एल्डरमैन श्री राकेश पांडे, भारत कोल,,श्री महेन्द्र ताम्रकार, श्रीमति रोशनी सोनी को बधाई देते हुए आशा करता हूं कि आप सभी मिले जिम्मेदारी भरे दायित्व के साथ विकसित विजयराघवगढ़ -विकसित मध्यप्रदेश- विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देंगे।

# नौ दिन बाद मोतीचूर नदी में किया गया महाकाली का विसर्जन, चल समारोह के दौरान थिरके भक्त



पीपुल्स प्रवक्ता बीना।

नौ दिन बाद मोतीचूर नदी में किया गया महाकाली का विसर्जन, चल समारोह के दौरान थिरके भक्त। उल्लेखनीय है कि 9 दिनों से विराजी छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में महाकाली की पूजा-पाठ के बाद मां महाकाली का विसर्जन चल समारोह निकाला गया। चैत्र नवरात्र के मौके पर स्थापित की गई माता की प्रतिमा को पूरे शहर में घुमाने के बाद मोतीचूर नदी ले जाया गया, जहां विसर्जन की रस्में पूरी की गई। यह चल समारोह गुप्ता गार्डन से शुरू होकर रेलवे कॉलोनी, सागर गेट, गांधी तिराहा, कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा और अंबेडकर तिराहा जैसे मुख्य इलाकों से गुजरा। पूरे रास्ते श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते और नाचते-गाते चल रहे थे। कात्यायनी मंदिर के पास खटीक समाज के लोगों ने मां की भव्य आरती उतारी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। **15 फीट ऊंची प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र:** महाकाली सेवा समिति पिछले 5 सालों से गुप्ता गार्डन में माता की झांकी सजाती आ रही है। इस साल भी यहां करीब 15 फीट ऊंची महाकाली की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसे देखने के लिए शहर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी भारी भीड़ उमड़ी। **9 दिनों तक चला भक्ति का दौर:** इन नौ दिनों के दौरान झांकी स्थल पर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए, जिनमें भजन संध्या, महाआरती और 56 भोग का प्रसाद वितरण प्रमुख रहे। भक्तों की टोलियों ने मां को चुनरी भी चढ़ाई। मेले जैसा माहौल रहने के बाद शनिवार को विधि-विधान के साथ माता को विदाई दी गई।

# स्तक एवं गणवेश मेला में छात्रों और अभिभावकों ने की जमकर खरीददारी

## अभिभावकों ने पुस्तक मेला आयोजन के लिए कलेक्टर की पहल को सराहा

पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।

जिला प्रशासन द्वारा सुभाष चौक के समीप स्थित साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेला के दूसरे दिन आज रविवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ पुस्तक मेला में पहुंच कर रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म, शूज एवं कॉपियां और स्टेशनरी की खरीदी की। अवकाश होने के कारण पुस्तक मेला में रविवार को खासी चहल-पहल रही।

**अभिभावकों को मिली बड़ी राहत:** पुस्तक मेला अभिभावकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को उचित और कम दामों पर उच्च गुणवत्ता वाली कॉपियां व किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। पुस्तक मेला में अधिकांश लोग रविवार की शाम को सपरिवार पहुंचे और खान-पान का भी ज़ायका लिया।शहर के मंगलनगर से अपने बच्चों के लिए कापी- किताब खरीदने पहुंचे शंकर शुक्ला ने कहा कि कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की पहल पर लगे इस पुस्तक मेला से सभी अभिभावक खुश हैं। माधवनगर कैंप से अपने एलकेजी और कक्षा एक में निजी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के लिए पुस्तक खरीदने आई महक बत्रा ने बताया कि पुस्तक मेला में यहां एक ही स्थान पर सभी शैक्षणिक सामग्री वाजिब दाम पर मिल रही है।साथ





ही कापियों में तो 40 से 50 प्रतिशत तक की बंपर छूट मिल रहीं हैं। वहीं मेला स्थल में लगे हैपी बुक स्टाल के प्रांजल सुहाने और राय बुक एजेंसी के अरूण राय ने कहा कि यहां छात्रों और अभिभावकों से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। इससे बिक्री भी बढ़ी है।

**जनाकर्षण का केंद्र बना बुक बैंक:**पुस्तक एवं गणवेश मेला स्थल में लगे करीब 24 स्टालों में से बुक बैंक के लगें स्टाल में पहुंच कर लोग पुस्तकें दान कर रहे हैं। संग्रहित होने वाली इन सभी पुस्तकों को समाज के जरुरतमंद छात्रों को प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी ने दिया है। ताकि पाठ्य पुस्तक के अभाव में कोई छात्र पढ़ाई से वंचित न रहे और जरूरतमंद विद्यार्थियों का भी भविष्य संवर सके।

**कैरियर काउंसलिंग:** कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर पुस्तक मेला में कैरियर काउंसलिंग का भी स्टाल लगाया गया है। जहां कैरियर काउन्सलर गौरा हल्दकार द्वारा कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु उनकी रुचियों का परीक्षण कर विषय चयन करने और कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को कालेज में प्रवेश लेने और ट्रेनिंग के संभावित कोर्सो, व्यावसायिक शिक्षा आदि के संबंध की काउंसिलिंग कर विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। **सोमवार को भी लगेगा पुस्तक मेला:** जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकें न्यूनतम और प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा पुस्तक मेला सोमवार 30 मार्च को भी लगेगा।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साह, ऊर्जा एवं संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया

राजेश बबेले
पीपुल्स प्रवक्ता बीना।


भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बीना द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानङ्क2026 के अंतर्गत सिंधी धर्मशाला, बीना में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साह, ऊर्जा एवं संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। समापन सत्र प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर तथा नगर अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने वर्ग स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ÷मन की बात÷ का सामूहिक श्रवण किया। तत्पश्चात समापन सत्र में अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। नगर अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षण वर्ग की संचालन समिति, व्यवस्था में लगे सभी सहयोगियों, मीडिया प्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं प्रशिक्षण में सहभागी सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। **बूथ प्रबंधन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला:** समापन सत्र में मुख्य वक्ता लोकेन्द्र पाराशर ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, बूथ प्रबंधन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मीडिया, सोशल मीडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मीडिया के साथ सतत संवाद बनाए रखें तथा सकारात्मक एवं रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ सोशल मीडिया का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसी खिड़की है, जहां से व्यक्ति चाहे तो सकारात्मकता और विकास देख सकता है या नकारात्मकता यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद पंथी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि कैथोरिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा राय,विजय हुरकट, श्रीमती ज्योति दुबे, ठाकुर,रमेश जड़िया,विकास राजपूत,भूपेंद्र नामदेव,सचिन समैया, श्रीमती भारती राय,वीरेंद्र भदौरिया, तिवारी,आलेख राय,नंद किशोर चौधरी, तन सिंह यादव,चित्तर सिंह राजपूत,राकेश सेन,प्रहलाद यादव, विजय लखेरा, मनोज बजाज, श्रीमती ज्योति सराफ, श्रीमती सोनाली राय, अभिषेक नायक सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री प्रदीप तिवारी ने किया एवं केंदीय सरकार सामाजिक समिति के सदस्य संजीव बोथ ने आभार प्रकट किया।



# नगर पालिका में हुई 6 एल्डरमैन की नियुक्तः जिसमें एक महिला सहित

## प्रदेश की 123 नगर परिषदों में भी नियुक्तियां

पीपुल्स प्रवक्ता बीना।



नगर पालिका में हुई 6 एल्डरमैन की नियुक्तः जिसमें एक महिला सहित, प्रदेश की 123 नगर परिषदों में भीनियुक्तियां।मिली जानकारी अनुसार मोहन यादव सरकार ने बीना नगर पालिका सहित प्रदेश की 123 नगर परिषदों में एल्डरमैन की पहली सूची जारी की है। लंबे इंतजार के बाद रविवार को नगरीय निकायों में एल्डरमैन के नामों की घोषणा की गई। बीना नगर पालिका में एक महिला सहित कुल 6 एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य की कुल 123 नगर परिषदों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) की नियुक्तियां की गई हैं। इस कदम को स्थानीय प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिनियम, 1961 की धारा 19 (1) (ग) के तहत की गई। ये नियुक्तियां मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19 (1) (ग) के तहत की गई हैं। नवनियुक्त पार्षदों का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा, अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। **बीना नगर पालिका में हुई 6 एल्डरमैन की नियुक्ति:** बीना नगर पालिका में राकेश बिलगैया (शिव वार्ड, बड़ी बजरिया), विमल अहिरवार (इंदिरा गांधी वार्ड, नई बस्ती), रमेश जड़िया (आचवल वार्ड), संतोष कुशवाहा (बिलगैया वार्ड), पवन गुलाटी (मस्जिद वार्ड) और सुनीता बलराम राय (वीर सावरकर वार्ड) को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एल्डरमैन नगर निकायों (नगर निगम, पालिका, परिषद) में सरकार द्वारा मनोनीत अनुभवी या विशिष्ट नागरिक होते हैं।